# फ्री एसएमएस और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्टर करें और लकी ड्रॉ में इनाम जीतें


क्या आपको बीवाईपीएल की ओर से भुगतान की देय तिथि या भुगतान की पुष्टि का फ्री एसएमएस अलर्ट मिल रहा है? क्या आपको अपने ईमेल पर बीवाईपीएल का ई–बिल प्राप्त हो रहा है? यदि नहीं, तो कृपया अपना मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और सीए नंबर बीएसईएस में दर्ज करायें। इससे आपको अत्यधिक उपयोगी एसएमएस अलर्ट्स मिलेंगे।

## डिटेल दर्ज कराना आसान

• बीवाईपीएल के **24X7** हेल्पलाइन नंबर 399 99 808 पर कॉल करें या • bypl.customercare@relianceada.com पर ईमेल करें

मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और सीए नंबर रजिस्टर्ड कराने से न आपको सिर्फ उपयोगी अलर्ट्स प्राप्त होंगे, बल्कि आपको लकी ड्रॉ में, इनाम जीतने का मौका भी मिलेगा।

## सही वायरिंग आपको रखती है सुरक्षित



दोषपूर्ण इंटरनल वायरिंग न सिर्फ आपकी सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि यह आपकी बिजली खपत पर भी भयानक असर डालता है। निम्न सुझावों पर अमल करें और जिंदगी को खुशहाल बनाएं:

- अपने इलेक्ट्रॉनिक मीटर की ईएल एलइडी इंडीकेटर चेक करें। ईएल एलईडी अगर ग्लो कर रही है यानी चमक रही है, तो इसके ये कारण हो सकते हैं: **1.** अर्थिंग का इस्तेमाल न्यूट्रल के तौर पर हो रहा है **2.** न्यूट्रल वायर अर्थ वायर को छू रही है **3.** आपका फेज/न्यूट्रल वायर आपके पड़ोसी के फेज/न्यूट्रल वायर से मिक्स हो रही है।
- दोषपूर्ण वायरिंग बिजली से जुड़ी सुरक्षा पर असर डालती है और ये आग व दुर्घटनाओं की वजह भी बन सकती है।
- भारतीय विद्युत अधिनियम, 1956 के अनुसार सभी इलेक्ट्रिकल कार्य जिनमें अडिशन, अल्ट्रेशन और एडजस्टमेंट के कार्य शामिल हैं, योग्य और प्रमाणित इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर दवारा किया जाना चाहिए।
- अर्थ लीकेज सर्किट बेकर लगवायें। यह सहज एवं उपयोगी डिवाइस आपके घर या आसपास होने वाले लीकेज का पता लगाकर बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकता है।
- प्रत्येक स्वतंत्र मीटर धारक उपभोक्ता का लोड वितरण मेन्स से मीटर के माध्यम से सीधे जुड़ा होना चाहिए। अगर आपके भवन में एक से ज्यादा मीटर लगे हैं, तो किसी योग्य इलेक्ट्रिशियन से चेक करवायें कि वायरिंग अलग–अलग की गई है।

## 84 बिजली चोरों को सजा: 45 को जेल, 5.6 करोड़ जुर्माना

पिछले 18 महीनों में, बिजली चोरों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए कड़कड़डूमा, तीसहजारी, द्वारका और साकेत की विशेष अदालतों ने 84 बिजली चोरों को सजा दी है।

जेल भेजे गए लोगों में उद्योगपति, व्यवसायी, बोतल यूनिट का मालिक, फैक्टरी मालिक, दर्जी, दुकानदार, मकान मालिक एवं किरायेदार समेत सभी वर्गों के लोग शामिल थे।

डेटा का विश्लेषण रोचक रुझानों को प्रस्तुत करता है:

- 84 सजा प्राप्त लोगों में से 45 बिजली चोरों को जेल भेजा गया, जिसमें 38 लोगों को सश्रम कारावास और 7 लोगों को साधारण कारावास की सजा दी गई है। बाकी लोगों को अन्य तरह की सजा दी गई।
- घरेलू बिजली चोरी में पकड़े गये नागरिकों पर 5000 रुपये से 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया गया।

**JAIL TERM FOR POWER THEFT**

| SENTENCE | NO. |
|---|---|
| 36 months | 5 |
| 24 months | 21 |
| 18 months | 3 |
| 12 months | 9 |
| Up to 6 months | 7 |

Total prisoners: 45 (from January 1, 2013, to June 30, 2014)




**2.5 Lakh cases booked** By BSES since privatisation in July 2002

**Around 18 Lakh KW** of power theft unearthed

## दिल्ली में बिजली की मांग ने सारे रिकार्ड को तोड़ा, 5925 मेगावाट पहुँची

- दिल्ली में सालाना प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1651 यूनिट है, जो राष्ट्रीय खपत से दुगुनी है
- 2002 में निजीकरण के बाद से दिल्ली में बिजली की मांग दुगुने से भी अधिक हुई है
- 15 जुलाई को दिल्ली में बिजली की मांग, पूर्व के सारे रिकार्ड को तोड़ते हुए 5925 मेगावॉट तक पहुँच गई।

### दिल्ली में बिजली की 5925 मेगावॉट मांग पर अन्य शहरों की तुलनात्मक स्थिति

- कोलकता की तुलना में तकरीबन तिगुना (करीब 2100 मेगावॉट)
- मुंबई की तुलना में तकरीबन दुगुना (करीब 3400 मेगावॉट)
- सातों पूर्वोत्तर राज्यों की तुलना में तकरीबन ढाई गुना (करीब 2500 मेगावॉट)
- उड़ीसा की तुलना में तकरीबन डेढ़ गुना (करीब 3990 मेगावॉट)

**दिन में 2 से 4 बजे और रात में 9 बजे से मध्यरात्रि तक, पीक आवर्स के दौरान अत्यधिक बिजली खपत करने वाले उपकरणों का उपयोग करने से बचें। सुरक्षा कारणों से, उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अपने बिजली मीटर को घर से बाहर किसी आसान पहुंच वाली व कॉमन जगह पर लगवाएं। मीटर को शिफ्ट करवाने के लिए 399 99 808 पर फोन करें और 3 दबाएं।**

आपकी सेवा में
24 X 7
कॉल करें 399 99 808

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएन: U74899DL2001PLC111525
फोन: 011 399 99 808
वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–32 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा– 122050 दवारा मुद्रित

